हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 22 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री


4 जल है तो कल हैः सुरक्षित कल के लिए जल के महत्व समझ जल संरक्षण आज की जरूरत




## खबर संक्षेप

### महीनों से जला ट्रांसफार्मर अंधेरे में जीने की मजबूरी

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ओहनिया ग्राम पंचायत के आश्रित मोहल्ला दारीपारा में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद बिजली विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब तक न तो ट्रांसफार्मर बदला गया और न ही मरम्मत हुई और न कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। शाम ढलते ही पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूब जाता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीणों का सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि उन्होंने कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला काम नहीं। सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता ऐसे ही परेशान होती रहेगी।

### सरगुजा ओलंपिक में खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**बैकुण्ठपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सरगुजा ओलंपिक 2025-26 के अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह प्रतियोगिता 23 मार्च तक सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित होगी। जिले में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तर के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरिया जिले से कुल 303 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। जिनमें 154 पुरूष एवं 149 महिला खिलाड़ी शामिल हैं, इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों की व्यवस्था और संचालन के लिए 33 सदस्यीय स्टाफ दल भी नियुक्त किया गया है, जिसमें 21 पुरूष एवं 12 महिलाएं शामिल हैं। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### जमीन बेचने की बात को लेकर नाराज था बेटा, गला घोंटकर की हत्या

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/चरचा

■ चरचा पुलिस ने किया मामले का खुलासा

थाना चरचा क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के दोनों पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने जमीन बेचने की बात से नाराज होकर अपने ही पिता की हत्या कर दी।

मामले की जानकारी के अनुसार 16 जनवरी 2026 को प्रार्थी अरविंद राजवाड़े उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खरवट ऊपरपारा, थाना चरचा ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसके पिता शोभाराम राजवाड़े दूसरी पत्नी के साथ बनखेता पारा में रहते थे। करीब दो वर्ष पूर्व पत्नी की मृत्यु के बाद वह इधर-उधर रहते थे। 16 जनवरी की सुबह लगभग 7 बजे सूचना मिली कि खरवट नान मोहाड़ी तालाब में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि शव उसके पिता का ही है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 02/2026 धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा टीबिया बोन सुरक्षित कर एफएसएल भेजा गया। रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद डॉक्टर द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मृत्यु गला घोंटकर की गई हत्या है, इसके बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 46/2026 धारा 103 (1), 238 (क), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर मृतक के पुत्रों रामकैलाश और अरविंद से पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि रामकैलाश उम्र 37 वर्ष पिता द्वारा जमीन बेचने से नाराज था। इसी कारण उसने 15 जनवरी 2026 की रात करीब 9-10 बजे दस्ताने पहनकर अपने पिता का गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद अपने भाई अरविंद की मदद से शव को तालाब में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 21 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पूरे मामले के खुलासे में थाना चरचा पुलिस की अहम भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

# बारिश से तापमान में आई गिरावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

### बारिश शुरू होते ही बिजली गुल

शुक्रवार की रात्रि में अचानक बे मौसम बारिश शुरू होने के साथ ही शहर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई, जो कुछ समय तक शहर का अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डुबा रहा। करीब आधे घंटे पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई।

कोरिया जिले में कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव के कारण बेमौसम बारिश, बुंदाबांदी की स्थिति बनती रही। इस बीच शुक्रवार की रात्रि लगभग 8 बजे उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच अचानक कुछ देर की झमाझम बारिश शुरू हो गई और देखते ही देखते सड़कों पर पानी जमा हो गया।

अचानक हुई बे मौसम बारिश से सड़कों पर आवागमन कुछ देर के लिए थम गया। इस दिन ईद की खरीदी के लिए बाजार में चहल-पहल रही। कुछ देर की झमाझम बारिश के बाद जब बारिश थमी, इसके बाद सड़कों पर रफ्तार बढ़ने लगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व कोरिया जिले में पटना क्षेत्र एवं सोनहत क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई थी। वहीं जिले कुछ क्षेत्रों में बुंदाबांदी हुई। बीते कई दिन से बादलों भरा मौसम रहने एवं शुक्रवार की रात्रि में बेमौसम बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई। शनिवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दिन अधिकतम तापमान 28 डिग्री तथा न्यूनतम 12 डिग्री रही, इसके चलते इस दिन सुबह के समय हल्की ठंड का भी असर रहा।

बे मौसम बारिश एवं आसमान में बदली के कारण ही अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। यही कारण है कि मार्च के तीसरे सप्ताह में भी जहां गर्मी तेज हो जाती है, वहीं गर्मी से राहत मिली हुई है।





# आग लगने से दो दुकानें जलकर खाक

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के मुख्य मार्ग पर स्थित महुआ पेड़ के पास शुक्रवार की देर रात भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे एक दर्जी की दुकान और एक फोटो कॉपी की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गईं।

आग की लपटें पास की एक फल दुकान तक भी पहुंचीं, जहां रखा सामान आंशिक रूप से जल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात आई आंधी के दौरान अचानक आग भड़क उठी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और दोनों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय आसपास सन्नाटा होने के कारण आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका, जिससे नुकसान बढ़ गया। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब धुआं और आग की लपटें देखीं, तब आसपास के दुकानदारों को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना के बाद नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की फायर ब्रिगेड पिछले करीब छह महीनों से खराब पड़ी है। आपात स्थिति में न तो समय पर सहायता मिली और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने फोन उठाया। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंचती, तो नुकसान कम हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बरने नदी हत्या कांडः 20 दिन बाद भी आरोपी फरार

**मनेन्द्रगढ़।** बरने नदी क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या का मामला अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घटना को 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नामजद दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। हत्या जैसा गंभीर अपराध होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में स्पष्ट रूप से नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज है, फिर भी पुलिस उन्हें पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसी क्या वजह है कि पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी, क्या यह लापरवाही है या फिर किसी दबाव में कार्रवाई को धीमा किया जा रहा है। इधर एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। मृतक के नाबालिग बेटे को पुलिस द्वारा 20 मार्च को सूरजपुर मनोचिकित्सक के पास ले जाया गया। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि कहीं बयान बदलवाने की कोशिश तो नहीं की जा रही। हत्या जैसे मामले में अब तक ठोस कार्रवाई का अभाव पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।






# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

## लाइफ Style

# वामिका
## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

## टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

# हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोज़े रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोज़े नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोज़े नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



## उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

## किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सर्वेदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### अद्विका सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय चयनित



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी शिक्षक आकाश गुप्ता की पुत्री अद्विका गुप्ता ने मेहनत और लगन से जिले का नाम रोशन किया है। अद्विका वर्तमान में न्यू एरा पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत है और उसने एक साथ दो प्रतिष्ठित परीक्षाओं सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता हासिल कर उपलब्धि दर्ज की है। अद्विका गुप्ता ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में पूरे जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर परचम लहराया। साथ ही सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में भी उसने जिले की पहली बालिका के रूप में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अपनी सफलता का श्रेय अद्विका ने पिता आकाश गुप्ता और माता कंचन गुप्ता को दिया है। उन्होंने बताया कि चाचा विकास गुप्ता के मार्गदर्शन और सहयोग रहा जिससे तैयारी को मजबूत बनाया।

### रक्तदान शिविर में ग्रामीणों ने किया रक्तदान



**मैनपाट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बीएमओ डॉ. रविशंकर सिंह ने उपस्थित लोगों को रक्तदान का महत्व बता समय समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सीतापुर के बदरुद्दीन इराकी ने कहा कि रक्तदान कर जीवन-मौत से जूझ रहे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है तथा इसके लिए हर व्यक्ति को जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। शिविर में 9 लोगों ने रक्तदान किया। सीएचसी में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों सहित अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों को मिला उपचार व परामर्श



सूरजपुर। आयुष विभाग द्वारा स्नेह संबल वृद्धा आश्रम तिलसिवा में एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा बुजुर्गों को ऋतुचर्या, दिनचर्या एवं योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में वात रोग, बीपी, शुगर, कमजोरी एवं चर्म रोग से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उन्हें होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में आयुष विभाग के डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. अनीता पैंकरा, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. लीला प्रिया करकेटा, फार्मासिस्ट दाऊ राम कमर, उषा किरण, एमपीडब्ल्यू तुलेश्वर एवं चंद्रभान, लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र सिंह सहित समाज कल्याण विभाग से अधीक्षक चंदा रजवाड़े, पायल गुप्ता, सुरेश गुप्ता एवं सोशल वर्कर मोहित रजवाड़े उपस्थित रहे।

### नवसंवत्सर में शिव मंदिर में जलाया गया दीप

अंबिकापुर। पतंजली योग समिति द्वारा गांधी चौक स्थित शिव मंदिर में चैत्र प्रतिप्रदा के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान पतंजली योग समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी, कौशलेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद चौधरी, ललित पाण्डेय, मंगलेश श्रीवास्तव, विक्स श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्व जल दिवस आज

# जल है तो कल है: सुरक्षित कल के लिए जल के महत्व समझ जल संरक्षण आज की जरूरत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

पेयजल हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण इसके बिना भी जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल के महत्व के बारे में सभी लोगों को गंभीरता से समझने की जरूरत है, ताकि जल को व्यर्थ न बहाया जाए। वहीं सरकारी प्रयास से भी जल संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है, ऐसे में आम लोग भी जल संरक्षण की दिशा में गंभीर हो तभी भू-जल का सही उपयोग किया जा सकता है। 22 मार्च दुनिया भर में जल संरक्षण को लेकर विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी लोगों को भी जल की उपयोगिता को समझना होगा।

कोरिया जिले जिला प्रशासन द्वारा भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए जिले के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से सोख्ता गड्ढे बनाए जा रहे हैं, जिसकी सहायता से वर्षा के जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाने का अच्छा पहल किया गया है। लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त करना अधिकार है, लेकिन आज भी कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाई है। कोरिया जिले में ही आज कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। आज भी जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में ढोढ़ी तथा नदी किनारे से पेयजल प्राप्त करना पड़ता है। हालांकि ऐसे क्षेत्र बहुत कम है, लेकिन ऐसे क्षेत्रों में भी शुद्ध पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की जरूरत है, वहीं भू-जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में सरकारी प्रयास तो किए जा रहे हैं, लेकिन आम लोगों की भी इसमें भागीदारी होनी चाहिए और पेयजल के महत्व को समझते हुए इसकी उपयोगिता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पेयजल व्यर्थ में कही भी न बहे।



### लाखों खर्च के बाद पेयजल को तरस रहे

जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना प्रारंभ की गई। इसके तहत जिलेभर के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में लाखों करोड़ों रूपए खर्च कर हर घर पेयजल पहुंचाने की दिशा में काम शुरू किया गया, लेकिन आज भी कई गांव में जल जीवन मिशन का काम आधा-अधूरा पड़ा है, इसके चलते लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। कई पंचायतों में तो लाखों की पानी टंकी शो पीस बन कर खड़ी है और लोगों के घरों के सामने नल के पोस्ट लगे हुए हैं, इनमें पानी सप्लाई अधिकांश जगहों पर शुरू भी नहीं हो पाई।



### गर्मी आते ही कई जगहों पर पेयजल संकट

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शहरी क्षेत्रों में निकायों के द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाती है, इसके चलते शहरी क्षेत्र के लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है,लेकिन जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं, जहां गर्मी के दिनों में पेयजल संकट का सामना ग्रामीण परिवारों को करना पड़ता है, इसके लिए महिलाओं को दूर से पेयजल लाना पड़ता है। पंचायतों से भी उन्हें किसी तरह की कोई राहत नहीं मिलती। हालांकि गांव-गांव में पेयजल के मुख्य स्त्रोत के रूप में हैंडपंप स्थापित है, लेकिन गर्मी के दिनों में कई जगहों के हंडपंप के हलक ही सूख जाते हैं।

### यहां सालो भर व्यर्थ बहता है पेयजल



बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर ग्राम पंचायत चेरवापारा मुख्य मार्ग किनारे एक स्थान पर पेयजल सप्लाई मुख्य पाइप लाइन पर ज्वाइंट वाल्व से वर्षभर पानी का रिसाव होते रहता है और वहां से निकलने वाला पेयजल बहते हुए खेत और सड़क किनारे बहते हुए देखा जा सकता है। इस तरह से यहां पर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पेयजल सड़क व खेतों में बहकर बर्बाद होते रहता हैं, लेकिन अब तक व्यर्थ बहने वाले जल को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए जा सके हैं।

## ग्राम पंचायत में आवास चौपाल, अधूरे मकानों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



**बैकुण्ठपुर।** जिले में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। 18 मार्च को जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने 12,902 स्वीकृत आवासों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन हितग्राहियों को द्वितीय किस्त प्राप्त हो चुकी है, उनके आवास 30 दिनों के भीतर पूर्ण कराए जाएं। ग्राम पंचायत भाड़ी, खोडरी, तेंदुआ, छिंदिया, आनी, पटमा, चिरमी, अमका, तोलगा, बरदिया एवं बड़े साल्ही में आवास स्वीकृति अधिक होने के बावजूद प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इन क्षेत्रों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही मैदानी अमले को लगातार क्षेत्र भ्रमण कर कार्य में तेजी लाने को कहा गया। इसी कड़ी में 20 मार्च को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर ए.पन्ना एवं जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास अंकित जायसवाल ने मैदानी अमले के साथ ग्राम पंचायत गोविंदपुर एवं गड़तर में आवास चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में जनमन योजना के तहत तृतीय किस्त प्राप्त 10 हितग्राहियों से आवास निर्माण की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पाया कि अधिकांश आवास ढलाई स्तर पर हैं, जिन्हें 28 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय किस्त प्राप्त हितग्राहियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारियों को हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त जल संचयन एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 5 प्रतिशत मॉडल सोख्ता गड्ढों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित निगरानी और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी।

# समाज के लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को दी बधाई, हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

रमजान के पवित्र महीने के समापन पर मनाया जाने वाला ईद-उल-फितर का पर्व इस वर्ष चरचा कॉलरी में अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरे नगर में त्योहार की रौनक देखने को मिली, जहां हर घर, हर गली और हर चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। नगर के जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा करने के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए। सुबह 7 बजे से ही लोगों का मस्जिद पहुंचना शुरू हो गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ठीक सुबह 9 बजे मौलाना शकील अहमद कादरी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और आपसी प्रेम एवं सद्भाव का परिचय दिया। ईद के इस खास अवसर पर शहर की मस्जिदों, ईदगाहों और दरगाहों को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया था। बाजारों में भी चहल-पहल बनी रही। लोगों ने नए कपड़े खरीदे, घरों को सजाया और विशेष पकवानों की तैयारी की। बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने खिलौनों और नए परिधानों के साथ ईद का आनंद लिया। ईद-उल-फितर केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रेम, त्याग और मानवता का संदेश देता है, जिसे लोगों ने पूरे उत्साह के साथ आत्मसात किया। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल लगातार निगरानी में रहा, जिससे कहीं भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई और पर्व शांति व सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजीत लकड़ा, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र यादव तथा हेमसागर यादव ने जामा मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व देश में एकता, भाईचारे और आपसी प्रेम को और मजबूत करता है तथा समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है।



नमाज अदा करते समाज के लोग, गले मिलकर बधाई देते समाज के लोग।

### उल्लास के साथ मनाई गई ईद का पर्व

बैकुण्ठपुर। मुश्लिम समाज का प्रमुख पर्व ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शहर में सुबह से ही मेनरोड बैकुंठपुर, रामपुर, जूनापारा मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर बाजारों में खास रौनक देखने को मिली। कपड़े, सेवइयां और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### ईद पर्व पर समाज के लोगों ने बांटी सेवईयां


हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी। ईद-उल-फितर का पावन पर्व क्षेत्र में हर्षोउल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। रमजान के पवित्र महीने में एक माह तक रोजा रखने के बाद मनाया जाने वाला यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए खास महत्व रखता है। इस दिन लोग अल्लाह की इबादत कर एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद देते हैं और आपसी प्रेम को मजबूत करते हैं। इसी कड़ी में टावर चौक के समीप ऑटो संघ के मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा ईद के अवसर पर सेंवई बांटा गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी, जहां राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के नागरिकों को प्रेमपूर्वक सेंवई खिलाई गई और ईद की शुभकामनाएं दी गईं। सेंवई जो ईद का पारंपरिक व्यंजन है, इस पर्व की मिठास और सौहार्द का प्रतीक मानी जाती है। आयोजन ने न केवल लोगों के दिलों में मिठास घोली, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश भी दिया। हर वर्ग और समुदाय के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे टावर चौक का माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम के माध्यम स संदेश दिया गया कि त्योहार केवल किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने और प्रेम बढ़ाने का माध्यम होते हैं। सेंवई वितरण के जरिए लोगों ने आपसी भेदभाव भुलाकर एकता और सौहार्द की मिसाल पेश की।



## मां चांग देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग 130 किमी दूर स्थित मां चांग देवी मंदिर इन दिनों गहरी आस्था और श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला लगातार जारी है। केवल छग ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड सहित कई अन्य राज्यों से भी भक्त काफी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। परिवार सहित देवी धाम पहुंचकर



श्रद्धालु मां चांग देवी के दर्शन कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। विशेष रूप से इन दिनों मनोकामना ज्योति कलश जलाने की परंपरा भी बड़ी संख्या में निभाई जा रही है। श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विधि-विधान से ज्योति कलश स्थापित कर रहे हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से यहां पूजा-अर्चना करने पर मॉ चांग देवी अपने भक्तों की हर इच्छा पूरी करती हैं। इसी आस्था के चलते दूर-दूर से लोग यहां खिंचे चले आ रहे हैं। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पेयजल, प्रसाद वितरण, साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्थानीय प्रशासन भी भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मदद करने वालों को मिला सम्मान

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय द्वारा संचालित राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत कोई व्यक्ति घायल को त त्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करता है, उसे 25,000 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। एमसीबी जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना के जनजागरूकता अभियान के फलस्वरूप लाभान्वित कई नागरिकों को सम्मानित कर नगद राशि प्रदान की गई। इनमें बीते 29 नवंबर 2025 को सड़क दुर्घटना में घायल शिवशंकर एवं बीरबल को ग्राम सेमरा थाना चिरमिरी निवासी विनोद साहू द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। इसी तरह 15 दिसंबर 2025 को घायल सीमांत को हल्दीबाड़ी निवासी मोहन ठाकुर द्वारा बीते 28 दिसंबर 2025 को घायल अनिल को नागपुर निवासी शाहनवाज अली, बीते 2 जनवरी 2026 को घायल बाल सिंह को मनेन्द्रगढ़ निवासी महेश साहू द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया।

- प्रदान की 25,000 की प्रोत्साहन राशि

### पुलिस ने की मदद की अपील

एमसीबी पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील है कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आएं एवं राहवीर योजना का लाभ उठाकर मानवता का परिचय दें। यदि कहीं भी सड़क दुर्घटना घटित हो तो घायलों की ज्यादा से ज्यादा मदद करने आगे आएं।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## पृष्ठ 1 का शेष

### आग लगने से...

मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद सोनी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आंधी के दौरान शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। इस अग्निकांड में दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकानों में रखी सिलाई मशीनें, कपड़े, जरूरी कागजात, फोटो कॉपी मशीन सहित अन्य सामान पूरी तरह जल गया। अनुमान है कि लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। प्रभावित व्यापारियों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे और आर्थिक सहायता की मांग की है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि मुख्य मार्ग पर होने के बावजूद रात में पर्याप्त रोशनी और आपातकालीन सुविधाओं का अभाव है, जिससे भविष्य में भी ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। विद्युत विभाग की टीम से भी जांच कराए जाने की बात कही जा रही है। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने जल्द फायर ब्रिगेड को दुरुस्त करने और आपातकालीन व्यवस्थाओं को सुधारने का आश्वासन दिया है। इस घटना ने एक बार फिर छोटे शहरों में आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोग प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त